# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 9 गोस्वामी तुलसीदास (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
तुलसीदास का जन्म कहाँ हुआ था?
**उत्तर :**
लसीदास का जन्म राजापुर (चित्रकूट) में हुआ।

**प्रश्न 2.**
तुलसीदास में रामभक्ति कैसे उत्पन्न हुई?
**उत्तर :**
तुलसीदास में रामभक्ति पत्नी की तीखी बातों के कारण उत्पन्न हुई।

**प्रश्न 3.**
रामचरित मानस की रचना कब प्रारम्भ हुई? यह कितने समय में पूर्ण हुई?
**उत्तर :**
रामचरित मानस की रचना संवत् 1631 में प्रारम्भ हुई। यह दो वर्ष, सात माह और छब्बीस दिनों में संवत् 1633 में पूरी हुई।

**प्रश्न 4.**
रामचरित मानस में तुलसी ने किन सामाजिक व्यवहारों का वर्णन किया है?
**उत्तर :**
रामचरित मानस में तुलसी ने भाई को भाई से, पत्नी का पति से, पति का पत्नी से, गुरु और शिष्य के प्रति, राजा का प्रजा से कैसा व्यवहार होना चाहिए, इसका सजीव चित्रण किया है।

**प्रश्न 5.**
अब्दुर्रहीम खानखाना ने तुलसी की प्रशंसा में कौन सा दोहा लिखा था?
**उत्तर :**
अब्दुर्रहीम खानखाना ने तुलसी की प्रशंसा में निम्न दोहा लिखा था।

**सुरतिय, नरतिय, नागतिय, यह चाहत सब कोय।**
**गोद लिए हुलसी फिरै, तुलसी सो सुत होय।**

**प्रश्न 6.**
सबसे बड़ा धर्म क्या है?
**उत्तर :**
दूसरों की भलाई की प्रवृत्ति ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 7.**
सही वाक्य पर **(✓)** और गलत वाक्य पर **(✗)** का निशान लगाइए(सही-गलते का निशान लगाकर)
**(क)** तुलसीदास समन्वयवादी कवि थे। **(✓)**
**(ख)** हरिद्वार में तुलसी को श्रीराम के दर्शन हुए। **(✗)**
**(ग)** रामचरितमानस विश्व का अद्वितीय ग्रन्थ है। **(✓)**
**(घ)** तुलसीदास ने सम्पूर्ण भारत की यात्रा की। **(✗)**

https://www.evidyarthi.in/